"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 33] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 16 अगस्त 2002—श्रावण 25, शक 1924

भाग 3 (1)

विविध
न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, पंजीयक सार्वजनिक न्यास, रायपुर, छ. ग.

रायपुर, दिनांक 22-7-2002

क्रमांक/क/वा./अ.वि.अ./पंजीयक/2002.—चूंकि आवेदक श्री रविशंकर जी महाराज पिता कृपाराम जी-न्यासी श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट शाप नं. बी-10-13 तलघर हीरा आर्केट पंडरी रायपुर के द्वारा म. प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (1951 के 30) की धारा 4 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गयी संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करने हेतु आवेदन-पत्र दिया है. अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 23-8-2002 को समय 11 बजे होगी.

2. यदि किसी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वह इस सूचना के निकालने के एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें. और पेशी के दिन स्वत: या अपने वकील अथवा एजेन्ट के द्वारा उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि समाप्त होने पर प्रस्तुत किये गये आरोपों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता व संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम एवं पता	:	श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट शाप नं. बी-10-13, तलघर हीरा मार्केट पंडरी रायपुर, 492001 छत्तीसगढ़.
2.	लोक न्यास की चल संपत्ति	:	रुपये 2,00,000-00 शब्दों में रु. दो लाख मात्र आई.डी.बी.आई. बैंक खाता क्रमांक 04910200000-4374 शाखा सिविल लाइन, रायपुर, छत्तीसगढ़.

रमेश कुमार शर्मा,
पंजीयक.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.